
मिशन निदेशक महोदया, एन0एच0एम0, उ0प्र0 के निर्देशों के कम में राज्य कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई से 03 सदस्यीय टीम डा0 रेशमा मसूद, डी0जी0एम0, आर0बी0एस0के0,, श्री सौरभ तिवारी, तकनीकी सलाहकार, पी0एम0अभीम/15वें वित्त आयोग एवं श्री विनीत श्रीवास्तव कार्यक्रम समन्वयक, आयुष द्वारा जनपद आगरा की स्वास्थ्य इकाइयों का प्री सी.आर.एम. भ्रमण दिनांक 11. 2024 से 14.11.2024 के मध्य किया गया है। भ्रमण आख्या निम्नलिखित है–

<u>सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बरौली अहीर–</u>



- मरीजो के पंजीकरण के सामने पार्किंग की व्यवस्था की आवश्यकता है। रोड से सी.एच.सी. तक जाने लिए ग्लो साइनेज लगवा दिया गया है।
- सी.एच.सी. परिसर में पुरानी आई.ई.सी. डिस्प्ले को अद्यतन करा दिया गया। परिसर में वायरिंग को सुव्यवस्थित करने का कार्य प्रगति में पाया गया।
- अस्पताल में कक्षों में चिन्हांकन एवं नाम प्रदर्शित कर दिया गया है।
- डिजिटल एस्सरे मशीन क्रियाशील पायी गयी किन्तु उपयोग हेतु फिल्म पर्याप्त नहीं पायी गयी।
- माइनर ओटी में 2 ऑक्सीजन सिलिंडर पाये गये जिनकी चाबी निर्धारित स्थान पर रखे जाने का सुझाव दिया गया।
- माइनर ओटी पंखा नहीं पाया गया एवं लाइट की पर्याप्त व्यवस्था किये जाने का सुझाव दिया गया।
- रजिस्ट्रेशन काउन्टर व्यवस्थित रूप मे संचालित पाया गया।
- मेन स्टोर एवं रिकार्ड व्यवस्थित पायें गये।
- लैब में ब्लड कलेक्शन एरिया को निर्धारित किया गया था, एवं समस्त जाचों की सूची कक्ष की बाहर डिस्प्ले की गयी।
- लेबर रुम में एरिया डिमारकेशन एवं शू रैक रखे पाये गये।
- लेबर रुम के बाहर दीवार लेखन में गर्भवती महिलाओं को लाने के लिए 108 वाहन का उल्लेख था किया गया था।

- बायोवेस्ट का सेग्रीगेशन एवं निस्तारण समुचित कराया जा रहा है।
- सी.एच.सी. में अनुपयोगी सामग्री व्यवस्थित कराये जाने का सुझाव दिया गया।
- सपोर्टिव सुपरविजन एवं आर.बी.एस.के. के वाहनों के लॉगबुक अवलोकन हेतु मांगे जाने पर उपलब्ध नहीं कराये गये।
- सी.एच.सी परिसर में विद्युत तार अव्यवस्थित पाये गये एवं फायर इस्गिविसर एक्सपायर्ड पाये गये। सुधारात्मक कार्यवाही का सुझाव दिया गया।
- डेगू वार्ड अस्त–व्यस्त पाया गया।
- चिकित्सालय में उपलब्ध अभिलेखों को प्रमाणित एवं पेज नम्बरिंग किया हुआ पाया गया।
- चिकित्सालय में गाइडलाइन/शासनादेश दिनांक 14.06.2017 के अनुसार 102 एवं 108 एम्बुलेंस के द्वारा मरीजों को प्रदान की गयी सेवाओं से सम्बन्धित होम टू हॉस्पिटल एवं ड्रापबेक रजिस्टर तैयार नहीं किये जा रहे है। गाइडलाइन/शासनादेश के अनुसार अभिलेख तैयार कराने का सुझाव दिया गया।
- पी0एम0–अभीम योजना के अन्तर्गत बी0पी0एच0यू0 का निर्माण पूर्ण हो चुका था किन्तु तद्दिनांक तक हैंड ओवर नही किया पाया गया।




## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बाह–




- चिकित्सालय के मेन गेट के पास गंदगी का ढेर पाया गया जिसे जल्द साफ करने का आश्वासन दिया गया।
- अस्पताल परिसर में लेबर रुम तक जाने का साइजेज उपलब्ध नहीं पाया गया।
- केस शीट अधूरी भरी पायी गयी। केस शीट को सही एवं पूर्ण भरे जाने की सही जानकारी का अभाव पाया गया।
- लेबर रजिस्टर एवं भोजन रजिस्टर में विवरण सही दर्ज कराने एवं अद्यतन किये जाने का सुझाव दिया गया।
- लेबर रुम की खिडकी टूटी पायी गयी।
- लेबर रुम में दरवाजे में जंग लगा हुआ था एवं गन्दा पाया गया।
- लेबर रुम ,स्टोर को व्यवस्थित किया जा रहा था।
- एन0बी0एस0यू0 क्रियाशील किया गया है परंतु नर्स को एन0बी0एस0यू0 मे किये जाने वाले कार्य के संबंध में कोई जानकारी नही है।
- 7 ट्रे उपलब्ध पाया गया किन्तु उपकरण स्टरलाईज नहीं पाये गये एवं इसका रजिस्टर भी नही पाया गया।
- ब्लीचिंग सल्यूशन बना पाया गया किन्तु उसका रिकार्ड तैयार नहीं किया जा रहा है।

- अल्ट्रसाउण्ड की सुविधा पी.पी.पी. मोड पर उपलब्ध है किन्तु उसके अभिलेख उपल नहीं पाया गया। अल्ट्रसाउण्ड मशीन उपलब्ध है लेकिन रेडियोलॉजिस्ट न हाने कराण क्रियाशील नही है।
- अस्पताल के फार्मेसी स्टोर से दवा वितरण कक्ष से मरीजों को वितरित जाने वाली दवाओं का अभिलेख तैयार किये जाने हेतु सुझाव दिया गया।
- चिकित्सालय में उपलब्ध अभिलेखों को प्रमाणित एवं पेज नम्बरिंग इत्यादि का कार्य किया जा रही था।
- पी0एम0–अभीम योजना के अन्तर्गत बी0पी0एच0यू0 निर्माणाधीन पाया गया।




## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, जैतपुर कलां–



- सभी टी.बी. मरीजों के ड्रग बाक्स बना दिये गये हैं।
- गाइडलाइन के अनुसार बायो वेस्ट का समुचित निस्तारण किया जाना पाया गया।
- एक्स रे मशीन क्रियाशील नहीं पायी गयी। अवगत कराया गया कि एक्सरे टेक्नीशियन न होने से क्रियाशील नहीं है।
- लेबर रुम में सिर्फ 01 स्टाफ नर्स तैनात है जिससे कार्य प्रभावित हो रहा है।
- जे.एस.एस.के के अर्न्तगत भोजन रजिस्टर पूर्ण कर लिया गया है।
- बी.एच.टी (केस शीट) समुचित रूप में भरे जाने हेतु सुझाव दिया गया।

- एच.आर.पी. रजिस्टर अद्यतन पाया गया।
- आर.सी.एच. रजिस्टर सही तरीके से समस्त कालम भरे जाने हेतु सुझाव दिया गया।
- चिकित्सालय में उपलब्ध अभिलेखों को प्रमाणितएवं पेज नम्बरिंग की जा रही थी।
- सी.एच.सी. में प्रतिमाह औसतन 180 प्रसव कराये जा रहे है किन्तु किसी भी महिला चिकित्सक की तैनाती नहीं की गयी है।
- पी.एम.एस.एम.ए. में गर्भवती महिलाओं के अल्ट्रासाउण्ड हेतु कोई रिकार्ड तैयार नहीं किया जा रहा है।
- मेन स्टोर एवं रिकार्ड व्यवस्थित पाये गये।
- अस्पताल के फार्मेसी स्टोर एवं कंज्यूमेबल स्टोर को रिकार्ड सहित व्यवस्थित किये जाने हेतु सुझाव दिया गया।
- पी0एम0–अभीम योजना के अन्तर्गत बी0पी0एच0यू0 निर्माणाधीन पाया गया।





सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिनाहट–



- चिकित्सालय में प्रवेश हेतु गेट एवं कैटिल क्रेचर सही करा दिया गया है।
- चिकित्सालयल में सफाई सन्तोषजनक पायी गयी। जल निकासी की उचित व्यवस्था किये जाने हेतु सुझाव दिया गया।
- पार्किंग हेतु स्थान चिन्हित कर व्यवस्था किये जाने हेतु सुझाव दिया गया। ।
- दिव्यांगों एवं वरिष्ठ नागरिकों को रजिस्ट्रेशन हेतु अलग से कोई काउण्टर बनाने हेतु सुझाव दिया गया।
- चिकित्सालय में नई आई.ई.सी. आ गयी है जिसे समुचित स्थान पर लगवाने हेतु सुझाव दिया गया।
- अस्पताल के फार्मेसी स्टोर से दवा वितरण कक्ष से मरीजों को वितरित जाने वाली दवाओं का अभिलेख तैयार किये जाने का सुझाव दिया गया।
- चिकित्सालय परिसर में वाइरिंग इत्यादि का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।
- प्रत्येक टी.बी. मरीजों के ड्रग बाक्स उपलब्ध पाये गये।
- चिकित्सालय में उपलब्ध अभिलेखों को प्रमाणित एवं पेज नम्बरिंग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।
- 7 ट्रे उपलब्ध थे परंतु डिजिटल वाच लगाने के लिये सुझाव दिया गया। ।
- ब्लीचिंग सल्यूशन बनाये जाने एवं उपकरणों के स्टेलाइजेशन तथा ऑटो क्लेव का विवरण अंकित किये जाने हेतु पृथक से कोई रजिस्टर अद्यतन किये जाने हेतु सुझाव दिया गया।
- बी.एच.टी. (केस शीट) में समस्त कॉलम नहीं भरे जा रहे है।बी.एच.टी में रोगी के हस्ताक्षर तो कराये जा रहे है किन्तु कोई टिप्पणी नहीं दर्ज की जा रही है। बी.एच.टी (केस शीट) समुचित रूप में भरे जाने हेतु सुझाव दिया गया।
- जे.एस.एस.के. के अन्तर्गत मरीजो को दिये जाने वाले भोजन का रजिस्टर अद्यतन किये जाने का सुझाव दिया गया।
- लैब को व्यवस्थित किये जाने एवं खराब उपकरणों की complaint दर्ज कराने एवं स्टोर मे रखने हेतु निदेर्शित किया गया।
- विभिन्न अभिलेखों को प्रमाणित किया जाना है।
- लेबर रूम के बाहर डयूटी चार्ट डिस्पले किया जाना है।
- पी0एम0–अभीम योजना के अन्तर्गत बी0पी0एच0यू0 निर्माणाधीन पाया गया।





**आयुष्मान आरोग्य मंदिर, (AAM ) मानिकपुर, पिनाहट—**

- सी.एच.ओ. धर्मेन्द्र कुमार द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम पंचायत में आयुष्मान आरोग्य मंदिर हेतु अब तक भवन का निर्माण नहीं कराया गया है जिससे इसका संचालन पंचायत भवन से ही किया जा रहा है। अधीक्षक सी.एच.सी. पिनाहट को भवन निर्माण की प्रक्रिया तत्काल पूर्ण कराये जाने का सुझाव दिया गया।

| | | |
|---|---|---|
| 21.11.24 | 21/11/2024 | 21/11/2024 |
| **विनीत श्रीवास्तव,** | **सौरभ तिवारी** | **डा0 रेशमा मसूद,** |
| कार्यक्रम समन्वयक— आयुष | तकनीकी सलाहकार — पी0एम0अभीम / 15वां वित्त आयोग | डी0जी0एम0—आर0बी0एस0के0 |